C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:03 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 6:48 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 215 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 18 फरवरी 2024

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अब मार्च में अदालत में पेश होंगे सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि वे दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद मार्च में शारीरिक रूप से पेश होंगे। इसके बाद अदालत ने आश्वासन को स्वीकार करते हुए सुनवाई 16 मार्च तय कर दी। अदालत ने उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके खिलाफ जारी समन का पालन न करने पर तलब किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष मामले की सुनवाई के दौरान केजरीवाल ने कहा कि वे आज शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि बजट सत्र चल रहा है और शक्ति परीक्षण होना है। मैं कोर्ट आना चाहता था, लेकिन ये एकदम से फ्लोर टेस्ट आ गया। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

### क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पदक से चूके लक्ष्य और चिराग

**अल्मोड़ा।** जिले के शटलर लक्ष्य सेन और उनके भाई चिराग सेन ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम पदक जीतने से चूक गई। 13 से 18 फरवरी तक मलेशिया में आयोजित सीनियर एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप में दोनों भाईयों ने देश का प्रतिनिधित्व किया। क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम और जापान के बीच कांटे की टक्कर रही। उत्तराखंड बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि पहले मैच में लक्ष्य ने हांगकांग चाइना के चाई इन चोक को 21-14, 21-7 से पराजित किया और दूसरे मैच में चाइना के ली लान शी को 21-11,21-16 से हरा कर टीम को क्वार्टर फाइनल में जगह दिलाई।

## राज्यपाल ने किया नशा मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

**देहरादून**
हमारे संवाददाता



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि नशा ऐसी बुराई, जिसका परिवार, समाज और देश के विकास पर दुष्प्रभाव पड़ता है। कहा कि नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से ब्रह्मकुमारी प्रजापिता के नशा मुक्त भारत अभियान का उत्तराखंड में शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, नशा एक ऐसी बुराई है, जिसका प्रभाव न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर होता है, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश के विकास पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। राज्यपाल ने कहा, व्यसन और नशे की लत न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। समाज को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए।

राज्यपाल ने कहा, कई युवा बुरे व्यसनों की लत का शिकार होकर अपना भविष्य तो बर्बाद कर ही रहे हैं, इसके साथ ही गुनाह की राह पर भी आगे बढ़ रहे हैं, जो हमारे लिए चिंता का विषय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के आदी लोगों को, खासकर युवाओं को सही राह दिखाकर उन्हें नया जीवन देने के लिए पूरा समाज इस दिशा में जिम्मेदारी से सामूहिक प्रयास करें।

उन्होंने कहा, प्रदेश सरकार ने 2025 तक प्रदेश को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा है। इस तरह के संगठनों के सहयोग से इस कार्य में अवश्य सफलता मिलेगी। ब्रह्मकुमारी संगठन दुनिया के 140 देशों में लोगों का सामाजिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण कर रहा है। कार्यक्रम में राजयोगी डॉ. बनारसी लाल, ब्रह्माकुमारी मीना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बोले लोग- पूरे पहाड़ में जाएगा आंदोलन का संदेश

## कोटद्वार में मूल निवास और सख्त भू- कानून को महारैली

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

कोटद्वार में मूल निवास और सख्त भू कानून बनाने की मांग को लेकर के रैली महारैली निकाली गई। देवी रोड के तड़ियाल चौक, देवी मंदिर,मोटर नगर होते हुए रैली लाल बत्ती चौक बदरीनाथ मार्ग से कोटद्वार तहसील तक रैली निकाली गई।

इस दौरान हल्द्वानी में हुई घटना को लेकर मूल निवास, भू- कानून समन्वय संघर्ष समिति ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि अगर प्रदेश में मूल निवास और मजबूत भू कानून लागू होता तो इस तरह की अप्रिय घटना नहीं होती। उन्होंने हल्द्वानी की घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि देवभूमि की पहचान शांति की रही है।

मोहित डिमरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिन बाहरी तत्वों को प्रदेश की शांति के लिए खतरा बताते हैं और जिनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात करते हैं उन बाहरी तत्वों की




पहचान वह कैसे करेंगे ? उन्होंने कहा कि मूल निवास और मजबूत भूमि कानून किसी भी बाहरी तत्व के खिलाफ सबसे असरदार हथियार है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मंडल के द्वार कोटद्वार से मूल निवास स्वाभिमान आंदोलन का शंखनाद होने जा रहा है।

यह धरती क्रांतिकारियों की धरती है। यहां से इस आंदोलन का संदेश पूरे पहाड़ में जाएगा। और एक नई क्रांति की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में न केवल हल्द्वानी बल्कि तमाम दूसरे इलाकों में भी अवैध अतिक्रमण मौजूद हैं, जिनके खिलाफ सरकार बुलडोजर चलाने की बात कहती है, लेकिन असल समाधान बुलडोजर नहीं बल्कि मजबूत भू-कानून है।

समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि प्रदेश में मजबूत भू-कानून सख्ती से लागू कर समस्त भूमि का ब्यौरा जुटाए और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए। उत्तराखंड के लोग अपना अस्तित्व बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। अभी नहीं लड़े तो आने वाले समय में मूल निवासियों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यह लड़ाई पहाड़ का वजूद, स्वाभिमान, संस्कृति और संसाधन बचाने की लड़ाई है।

## पेपर मिल के गोदाम में लगी भीषण आग, मौके पर नौ दमकल की गाड़ियां

**रुड़की**
हमारे संवाददाता

पेपर मिल फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई। करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई। सभी गाड़ियों ने मिलकर करीब छह घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया।

रुड़की के नारसन क्षेत्र स्थित एक पेपर मिल फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई। जिससे करीब एक करोड़ का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं करीब छह घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। नारसन से झबरेड़ा रोड पर गंगोत्री पेपर मिल है।

गोदाम में भीषण आग लगने की सूचना मिलते ही रुड़की से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग इतनी भीषण थी कि काबू पाया नहीं जा सका। इस पर जिले से करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर बुलाई गई, जिसके बाद करीब छह घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

घटना की सूचना मिलते ही मंगलौर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने बताया कि आग के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है।



## 24 को अल्मोड़ा के लोगों से वर्चुअली संवाद करेंगे प्रधानमंत्री

**अल्मोड़ा**
हमारे संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर डीएम विनीत तोमर ने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया कि प्रशासन इसकी तैयारी में प्रशासन जुटा है।

24 फरवरी को जिले की सभी विधानसभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअली संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इसकी तैयारी में प्रशासन जुट गया है। डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को कलक्ट्रेट में डीएम विनीत तोमर ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिले की सभी विधानसभाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय में डायट, जागेश्वर में ब्लॉक मुख्यालय, द्वाराहाट में रामली ला मैदान, सल्ट में तहसील मुख्यालय, रानीखेत में श्रद्धानंद मैदान ताड़ीखेत, सोमेश्वर में रामलीला मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने चयनित स्थलों में टैंट, खाने सहित स्क्रीन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ आकांक्षा कोंडे, डीडीओ संतोष कुमार पांडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद, मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## रुद्रपुर में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

नगर निगम सभागार में रुद्रपुर में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक अध्यक्ष बीएल साह की अध्यक्षता और महासचिव एसके नैय्यर के संचालन में हुई। बैठक में शाखा जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, हल्द्वानी, नैनीताल के पदाधिकारियों समेत सदस्य पहुंचे ।

बैठक शुरू होने से पहले स्वर्गीय गिरीराज शंकर गर्ग प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बैठक में निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए। इस मौके पर राजकीय पेंशनर्स एवं परिवारिक पेंशन से गोल्डन कार्ड की मासिक कटौती कार्यरत कर्मचारियों की तुलना में 50 फीसदी की जाए। क्योंकि पेंशनर्स को कर्मचारियों की तुलना में 50 फीसदी



तथा परिवारिक पेंशनर को 30 फीसदी पेंशन मिलती है।

जिले में राजकीय व नीजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। के लिए जिला अधिकारी, सीएमओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये ताकि जनपद में ही समस्या का निदान हो सके। गोल्डन कार्ड धारको को राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में कैशलेस ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान बताया कि राजकीय चिकित्सालय में ओपीडी में डॉक्टर के द्वारा लिखी गई पैथोलॉजी जांच के लिए गोल्डन कार्ड धारकों को सुविधा देने से मना किया जा रहा है । यह व्यवस्था राजकीय चिकित्सालय में शीध्र लागू की जाए। राज्य में अनुबंधित चिकित्सालय गोल्डन धारी पेंशनर्स का इलाज करने से मना करें तो ऐसे अस्पतालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। आवश्यकता पड़ने पर उसका लाइसेंस भी रद्द किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि गोल्डन कार्ड अस्वीकार करते हुए ना का विकल्प दिया है, इसके बावजूद उनसे मासिक कटौती कर दी गई है, उसे संबंधित पेंशनर को की गई कटौती वापस किया जाए। राजकीय पेंशनर्स को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना यानी एसजीएचएस के तहत पेंशनर्स का आहरण वितरण अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी,मुख्य कोषाधिकारी, कोषाधिकारी को नियुक्ति किये जाए ।

बैठक में सीबी घिडिल्याल , पनवेश गुप्ता, बीएसचौहान, सत्य प्रकाश यादव, लीलांबर जोशी, पीसी जोशी, लीलाधर भट्, रामबिलास , बीसी जोशी ,प्रभाकर तिवारी,सुबोध शर्मा, देश राज, राम प्रसाद ,गौरी शंकर,हेम चन्द्र जोशी,आशा, होशियार कोहली,जयूराम, जगदीश चंद्र, दिग्विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस का वारंटियों की गिरफ्तारी को धरपकड़ तेज

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जनपद में वारंटियों की गिरफ्तारी को धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने 10 और जसपुर पुलिस ने 19 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही।

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में आपरेशन प्रहार तथा आगामी लोकसभा चुनावों में शांतिव्यवस्था के मद्देनजर वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत चौकी रम्पुरा प्रभारी नवीन बुधानी थाना रुद्रपुर द्वारा के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार रात लंबे समय से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 10 वारंटी दबोचे। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोर्ट में लंबे समय से तारीख पर हाजिर नहीं होने पर कोर्ट से वारंट जारी किए गए।




गिरफ्तार वारंटी राहुल कोली निवासी रम्पुरा, अजय मौर्या निवासी वार्ड नंबर 4 दूधियानगर, रफीक अहमद निवासी खेड़ा कालोनी रुद्रपुर, रवि कुमार निवासी वार्ड नंबर 24 रम्पुरा, दीपक निवासी रम्पुरा,कृष्णा उर्फ किशन निवासी वार्ड नंबर 8 रम्पुरा, राजुकमार निवासी वार्ड नंबर 24 रमपुरा इधर रुद्रपुर टीम में एसआई विकास कुमार, ध्यान सिंह,महेंद्र कुमार, विजयपाल आदि शामिल थे। बगवाड़ा चौकी क्षेत्र से वारंटी रोहित पुत्र छोटे लाल को निवासी प्रीत नगर मलसी रुद्रपुर को एसआई मोहन चन्द्र जोशी ने पकड़ा है। उधर जसपुर कोतवाली निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में वारंटियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन अभियान के तहत 19 वारंटी दबोचे। इनमें प्रिंस थाना जसपुर, जाहिद निवासी खेडा उमरपुर थाना जसपुर,अबरार हुसैन निवासी नई बस्ती थाना जसपुर, अनिल कुमार निवासी मोहल्ला नत्था सिहं थाना जसपुर, राशिद हुसैन निवासी बरेली रोड हल्द्वानी, बन्टी उर्फ बलबन्त सिहं निवासी भोगपुर डाम थाना जसपुर, प्रेम सिहं निवासी भोगपुर जसपुर, पल्लवी निवासी मोहल्ला जोशियान थाना जसपुर, भूरी निवासी मोहल्ला जूल्हान थाना जसपुर, शबाना निवासी बरेली रोड हल्द्वानी शामिल हैं। सभी को कोर्ट में पेश किया जा रहा है। टीम में एसएसआई ओमप्रकाश, एसआई बबीता गोस्वामी, चौकी प्रभारी कटोरताल संदीप शर्मा,एसआई जावेद मलिक, एसआई हरीश आर्य, एसआई ललित सिहं, एएसआई नवीन जोशी, राजेन्द्,कुलदीप सिहं, जमशेद अली, सचिन,प्रशान्त, अनिल, राजकुमार, ज्ञानेन्द्र, पीआरडी लक्ष्मी आदि रहे।

**कार्रवाई**

- **रुद्रपुर पुलिस ने 10, जसपुर पुलिस ने 19 वारंटी दबोचे, कोर्ट में पेशी**

## संगठन की मजबूती आठ मंडलम का गठन कर अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नैनीताल।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत एआईसीसी तथा पीसीसी के विशेष निर्देश पर बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए तीन बूथों से लेकर अधिकतम आठ बूथों को मिलाकर एक मंडलम का गठन किया जाना है। इसी क्रम में नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबडबाल ने बताया कि कैलाश अधिकारी को बूथ नंबर 69, 70, 71,72,73,74,75 तथा 76 (कुल 8 बूथ), मुकेश जोशी को बूथ नंबर 77 से लेकर 80 तक व 91 (कुल बूथ 5), कुंदन सिंह बिष्ट को बूथ नंबर 81 से लेकर 84 तक (कुल बूथ 4), सावित्री सनवाल को बूथ नंबर 85 से लेकर 88 तक व 93 (कुल बूथ 5), बंटू आर्या को बूथ नंबर 89, 90,92 व 97 से 98 (कुल बूथ 5), प्रेम प्रकाश शर्मा को बूथ नंबर 94 से लेकर 96 तक (कुल बूथ 3), जयंत उप्रेती को बूथ नंबर 99,100,106 तथा 117 (कुल बूथ 4) तथा गौरव कुमार को बूथ नंबर 101 से 105 तक (कुल बूथ 5) की जिम्मेदारी सौपी गयी है।



## पर्यटकों के वाहन धड़ल्ले से हो रहे खड़े, स्थानीय लोगों पर सख्ती

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में लोकल को आउट पर्यटकों को इन। सुनने में यह वाक्य जरुर अटपटा लग रहा है लेकिन है सौ फीसदी सत्य।

बात हो रही है नगर के मल्लीताल स्थित मुख्य डाकघर को जाने वाले मोटर मार्ग की। वास्तव में खड़ी चढ़ाई वाला यह मोटर मार्ग वर्ष भर ही बेहद व्यस्त रहता है चाहे वह कोई भी सीजन में क्यों न हो। इस मार्ग पर राहगीरों की आवाजाही बहुतायत से होती है। मार्ग काफी संकरा होने की वजह से लोगों को आने जाने में भी परेशानी होती है। इस बीच इस मार्ग में खास बात यह देखने को मिल रही है कि इस मार्ग पर पुलिस प्रशासन की ओर से स्थानीय लोगों के वाहनों को तो बिल्कुल भी खड़ा नहीं होने दिया जा रहा है लेकिन बिडंबना देखिए कि मार्ग में पर्यटकों के वाहन धडल्ले से खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्थानीय लोगों के वाहन को खड़ा नहीं होना ठीक बात है लेकिन नियम हो तो मार्ग में पडने वाले होटल वालों के लिए भी वहीं नियम बनाए जहां कहा कि पुलिस की यह दोहरी नीति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि नियम सभी के लिए एक समान बने चाहे वह पर्यटकों के वाहन हो या फिर स्थानीय तभी यातायात व्यवस्था में एकरुपता आएगी साथ ही मार्ग भी अतिक्रमण मुक्त होगा।

## बैठक में स्वास्थ्य सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय के बिंदुओं पर ज्ञान चर्चा की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

गवर्नमेंट पेंशनर्स ऑर्गेनाइजेशन हल्द्वानी शाखा की बैठक अरुणोदय धर्मशाला हल्द्वानी में लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन विजय कुमार तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में सामाजिक सरोकारों से संबंधित मुख्य बिंदुओं के अतिरिक्त स्वास्थ्य सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय के बिंदुओं पर ज्ञान चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ जन्म कल्याण समिति हल्द्वानी शाखा के अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे उपस्थित रहे। पांडे ने अपने संबोधन में पेंशनर्स संगठन की कार्यकर्ताओं की भूरी भूरी प्रशंसक कर यह अशवस्त किया कि पेंशनर संगठन द्वारा जो भी कार्य सामाजिक हित एवं पेंशनर के हित में किए जाएंगे उन पर वरिष्ठ कल्याण कल्याण समिति भरपूर सहयोग प्रदान करेगी। आज की बैठक में आर एस कैड़ा, एमएल शाह, डी डी भट्ट,बीडी पाठक, नवीन कांडपाल, श्याम सिंह रावत, लक्ष्मण सिंह गोनिया, राजेंद्र सिंह बोरा, जीएस खोलिया, योगेंद्र पांडे, यू स मेहता, आशा रानी, बी के मिश्रा, नेत्रपाल गोड़ सहित 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया तथा संगठन में हरिश्चंद्र तिवारी, सुंदरनाथ गोस्वामी एवं भुवन चंद सती ने नए सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण की जिसे सदन द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया।



## NEWS / फटाफट

### 24 को होगा संवाद और सम्बोधन कार्यक्रम आयोजन

**नैनीताल।** मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन देहरादून द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री कार्यालय- मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार दिनांक 24 फरवरी को राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में वर्चुअल माध्यम से संवाद और सम्बोधन कार्यक्रम आयोजन किया जाना है । इसी क्रम में जिलाधिकारी वंदना सिंह बताया कि जिले की 6 विधानसभाओं में उक्त कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु उप जिलाधिकारी राहुल शाह को रामनगर, उप जिलाधिकारी रेखा कोहली को कालाढूंगी, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को हल्द्वानी, उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा को लालकुआं, उप जिलाधिकारी कैलाश नाथ गोस्वामी को भीमताल, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार को नैनीताल विधानसभा का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी नामित नोडल अधिकारी सम्बंधित विधान सभा के विधायक से सम्पर्क कर दिनांक 24.2.2024 को आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु स्थल चिन्हित कर, कार्यस्थल पर भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों को मैदानी क्षेत्रों से 4000 से 5000, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों से 1500 से 2000 की संख्या में) आमंत्रित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनाया

**नैनीताल।** नगर के माल रोड में नानक होटल के समीप महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनाया जाएगा। नगर पालिका ने पुराने शौचालय को केवल महिलाओं के लिए जीर्णोद्धार करने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके लिए जिला विकास प्राधिकरण से करीब 25 लाख का बजट मिलने के बाद कार्यदायी संस्था को 50 प्रतिशत धनराशि जारी कर दी है,जिसके बाद अब जल्द जीर्णोद्धार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर पालिका के ईओ आईएएस राहुल आनंद ने बताया कि बाहरी शहरों से तमाम पर्यटक नैनीताल पहुंचते हैं। जिससे कई बार शिकायत भी मिलती है। कहा कि मालरोड में नानक होटल के समीप के शौचालय को हाईटेक बनाते हुए पिंक शौचालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बताया कि शौचालय जीर्णोद्धार के लिए जिला विकास प्राधिकरण से करीब 25 लाख का बजट भी मिल चुका है। वहीं शुक्रवार को पालिका ने कार्यदायी संस्था को को 12.50 लाख रुपये जारी कर दिए हैं बाकी की राशि 40 व 10 प्रतिशत के तौर पर दी जाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## मेट्रोपोल पार्किंग स्थल का डिजाइन तैयार कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मेट्रोपोल क्षेत्र में शत्रु संपत्ति पर हुए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन की ओर से 22 जुलाई को ध्वस्त किया गया था जिसके बाद से प्रशासन को लगभग 2.67 हेक्टेयर भूमि खाली मिल गई थी जिसमें पार्किंग स्थल बनाने को लेकर जिलाधिकारी ने लोनिवि को मेट्रोपोल का निरीक्षण कर पार्किंग स्थल का डिजाइन तैयार कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए थे।

जिसके बाद लोनिवि ने पूरा निरीक्षण कर पार्किंग का नक्शा और 23करोड़ 85 लाख का प्रस्ताव तैयार किया था। लेकिन बिडंबना देखिए 8 माह बीत जाने के बाद भी मेट्रोपोल से तोड़े अतिक्रमण का मलवा नहीं उठाया गया है। बता दें कि नक्शे के अनुसार मेट्रोपोल के पास 2.67 हेक्टेयर जमीन में 500 चारपहिया



और 200 दो पहिया वाहनों के लिए स्मार्ट पार्किंग बनाई जायेगी जो पूरी तरह कैशलेस रहेगी, जिसमें ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

पार्किंग के बाहर एंट्री गेट पर एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी, साथ ही चीना बाबा मंदिर के पास से 200 मीटर की नई सडक् का निर्माण किया जाएगा जिससे पार्किंग स्थल तक पहुँचा जाएगा। इतना हीन नहीं वाहन आवागमन और निकासी नए मार्ग से करेंगे जिससे पर्यटकों के वाहन शहर के भीतर प्रवेश नहीं कर पाएंगी जिससे शहर में जाम से निजात मिलेगी लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक खाली स्थान से मलवा तक नहीं हटाया गया है,ना ही उस जगह को किसी अस्थायी कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता जी.एस. जनौटी ने बताया कि जल्द ही उपजिलाधिकारी के माध्यम से बेकार पड़े हुए मेटरियरल को हटाने के लिए ऑप्शन किया जाएगा। जिसके बाद सारी जगह खाली हो जाएगी साथ ही पार्किंग का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।और शासन की ओर से तकनीकी परीक्षण भी हो चुका है। जल्द ही पैसा स्वीकृत हो जाएगा। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया जारी कर काम शुरू कर दिया जाएगा।

## बकाया देनदारी को लेकर नगर पालिका और ऊर्जा निगम में असमंजस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में बकाया देनदारी को लेकर नगर पालिका और ऊर्जा निगम के बीच फिर एक बार असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जहां एक ओर ऊर्जा निगम ने पालिका पर 17 ट्रांस मिटरों का कुल 3 करोड़ 90 लाख 61 हजार 93 रूपये का बकाया बताया है तो वही नगर पालिका परिषद प्रशासन का कहना है कि ऊर्जा निगम द्वारा पालिका को करीब 19 करोड़ का भुगतान करना है।

मामले में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आईएएस राहुल आनंद ने कहा कि ऊर्जा निगम द्वारा पालिका प्रशासन को करीब 4 करोड़ का बकाया बताया गया है जबकि पालिका का खुद ऊर्जा निगम पर करीब 19 करोड़ का बकाया है। कहा कि इसको लेकर उन्होंने शासन को भी पत्र भेजा है और ऊर्जा निगम को भी पत्र भेज कर कनेक्शन नहीं काटने का अनुरोध किया है। कहा कि पालिका 5 से 10 लाख जितना संभव हो सके उतना भुगतान ऊर्जा निगम को करेगी।

दूसरी ओर ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आर.एस. बिष्ट का कहना है कि जिले की अन्य नगर पालिकों ने सारा विद्युत बिल का भुगतान कर दिया है लेकिन नैनीताल नगर पालिका ने भुगतान नहीं कर रही है। कहा कि अगर पालिका ने भुगतान नहीं किया तो विधुत अधिनियम 2003 धारा 56 (1) के तहत कार्यवाही कर विधुत विच्छेदन किया जाएगा। कहा कि साथ ही 17 कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

# अभिमत



## मंदिरों की सुरक्षा

*अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा में सुरक्षा का प्रबंध कुम्भ मेले से भी ज्यादा सतर्कता के साथ किया गया था। भविष्य में भी अयोध्या तथा देश के अन्य मंदिरों में सुरक्षा प्रबंध में शिथिलता खतरनाक साबित होगी। मथुरा, वाराणसी, हरिद्वार, चारधाम समेत देश के किसी भी मंदिर में अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। मद्रास हाईकोर्ट का आदेश मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस उपाय के बारे में सुरक्षा बलों, खुफिया तंत्र और सरकार ने भी विचार नहीं किया है। गैर हिन्दुओं को मंदिर में मरम्मत अथवा अन्य काम से जाने की अनुमति देने पर उनके साथ निगरानी के लिए सुरक्षा कर्मचारी लगातार रहने चाहिएं। किसी भी बहाने से गैर हिन्दू मंदिर की पवित्रता भंग कर सकते हैं।*

मंदिरों की सुरक्षा सरकार के साथ श्रद्धालुओं की भी जिम्मेदारी है। मद्रास हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी मंदिरों के मुख्य द्वार पर कोडिमारन (ध्वज स्तंभ) के निकट बोर्ड लगाकर लिखा जाये- 'गैर हिन्दुओं को अंदर आने की अनुमति नहीं है'। हाईकोर्ट ने आदेश में यह भी कहा कि यदि कोई गैर हिन्दू मंदिर में विराजमान देवी या देवता के दर्शन करने जाता है तो उससे अंडरटेकिंग लेना चाहिए। उससे लिखवा लेना चाहिए कि उसकी श्रद्धा उस देवता के प्रति है और वह हिन्दू धर्म के मुताबिक रीति-रिवाज का पालन मंदिर परिसर में करेगा। गैर हिन्दुओं को मंदिर में जाने की अनुमति का पूरा विवरण रखा जाये तथा रजिस्टर मेनटेन किया जाये। न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए यहां तक कहा कि मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट नहीं है। मद्रास हाईकोर्ट में एक मंदिर के बारे में याचिका दायर की गई थी, लेकिन सभी मंदिरों के बारे में आदेश देकर सराहनीय पहल की है। अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद सनातन धर्मावलंबी एकजुट हुए हैं। आधुनिक और नास्तिक हिन्दुओं में भी मंदिरों के प्रति आस्था जाग्रत हुई है। इतिहास गवाह है कि बाबर ने अयोध्या में मंदिर को ध्वस्त कर मस्जिद बनवाई थी। बाबरी मस्जिद का अस्तित्व खत्म करने में पांच सदी लग गईं। मुगल शासकों ने भारत में सबसे पहले हिन्दू धर्मस्थलों पर हमला किया। विदेशी हमलावरों की रणनीति होती है कि जिस देश के लोगों को गुलाम बनाना हो, उनके धर्म स्थलों को सबसे पहले खत्म किया जाना चाहिए। यह काम मुगल शासन और ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान किया गया। अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिलने के बाद भारत की किसी भी सरकार ने मस्जिद और चर्च को ध्वस्त नहीं किया। समुदाय विशेष के लोगों का धर्मान्तरण नहीं कराया। आतंकवादियों ने जम्मू के रघुनाथ मंदिर, गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर हमले किये। हिन्दुओं के पर्वो पर धार्मिक आयोजनों में भी भगदड़ और हिंसा फैलाने की घटनाएं हुई हैं। कुम्भ मेलों का आयोजन हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा में सुरक्षा का प्रबंध कुम्भ मेले से भी ज्यादा सतर्कता के साथ किया गया था। भविष्य में भी अयोध्या तथा देश के अन्य मंदिरों में सुरक्षा प्रबंध में शिथिलता खतरनाक साबित होगी। मथुरा, वाराणसी, हरिद्वार, चारधाम समेत देश के किसी भी मंदिर में अभेद्य सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। मद्रास हाईकोर्ट का आदेश मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस उपाय के बारे में सुरक्षा बलों, खुफिया तंत्र और सरकार ने भी विचार नहीं किया है। गैर हिन्दुओं को मंदिर में मरम्मत अथवा अन्य काम से जाने की अनुमति देने पर उनके साथ निगरानी के लिए सुरक्षा कर्मचारी लगातार रहने चाहिएं। किसी भी बहाने से गैर हिन्दू मंदिर की पवित्रता भंग कर सकते हैं।

# जमीन खरीदने से पहले तहसील से कर लें जांच-पड़ताल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



**जनसुनवाई**

● कुमाऊं कमिश्नर ने जमीन मामले में महिला को दिलाये 17 लाख वापस

कुमाऊं कमिश्नर ने जनसुनवाई कर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने जमीन खरीदने के मामले में महिला को 17 लाख के वापस दिलवाए।

मंडलायुक्त दीपक रावत ने शहर स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आर्थिक सहायता व भरण पोषण आदि से संबंधित थीं। जनसुनवाई में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को तलब कर समस्याओं का मौके पर समाधान कराया। इस दौरान भूमि विवाद के मामले अधिक होने पर आयुक्त रावत ने आमजनमानस से अपील की है जो भी लोग भूमि क्रय कर रहे हैं वे पहले पूर्व भूमि की सभी जांच तहसील स्तर से सुनिश्चित करें, भूमि वर्ग-1 की है या नहीं अथवा भूमि पर बैंक से ऋण तो नहीं लिया है। इसके साथ भूमि के रजिस्ट्रीकरण के पश्चात शीघ्र दाखिल खारिज की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि क्रय करने के पश्चात भूमि की चहारदीवारी भी करें जिससे भविष्य में होने वाली धोखाधड़ी से बचा जा सके। जनसुनवाई में ललिता बमेठा निवासी रामपुर रोड हल्द्वानी ने विगत वर्ष ललित सिंह मेहरा से भूमि क्रय की थी लेकिन ललित सिंह मेहरा द्वारा बमेठा को वर्ग-4 की भूमि विक्रय कर दी थी। विगत जनसुनवाई में आयुक्त ने दोनों पक्षों को तलब कर बमेठा को भूमि की धनराशि वापस दिलाने के निर्देश दिये थे। जनसुनवाई में ललिता बमेठा को 17 लाख रूपये की धनराशि के चेक वापस दिलवाये गये। 17 लाख की धनराशि वापस दिलाने पर ललिता बमेठा ने आयुक्त का धन्यवाद किया। जनसुनवाई में देवकी देवी पत्नी स्व मथुरा दत्त जोशी निवासी जगबींबगर हल्दूचौड ने बताया कि उनके चार पुत्र है वह काफी बीमार रहती है लेकिन पुत्रों द्वारा भरण पोषण हेतु धनराशि नही दी जाती है। इसके साथ ही मनीष आर्या निवासी ज्योलीकोट ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उनके पति द्वारा मारपीट की जाती है। भूमिका, दीपाली एवं आरती पाल ने कालेज के शुल्क वापस करने का अनुरोध किया। रविन्द्र सिंह बिष्ट पोखरी जिला अल्मोडा ने भूमि में अवैध कब्जा हटाने का अनुरोध किया, सरोज बोहरा निवासी काठगोदाम ने आवासीय मकान को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम पम्प डीलर द्वारा चाहरदीवारी से नुकसान होने,वनीता राजपूत निवासी काठगोदाम ने ओबीसी प्रमाण पत्र देने हेतु तथा डालचन्द्र सिंह निवासी महुवाडाबरा ने सरकारी रास्ते पर भवन निर्माण को ध्वस्त कराने का अनुरोध किया। जनसुनवाई में आयुक्त द्वारा अधिकांश शिकायतों का दोनों पक्षों को तलब कर समस्या का समाधान किया।

## सूचना

मैं कमला तिवारी पत्नी रेवाधर तिवारी निवासी ग्राम गेबुआ खास तहसील कालाढूंगी जिला नैनीताल का हूं। मेरे द्वारा ग्राम जीतपुर निगल्टिया तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल खेत नं. 286 मि0 रक्बा वर्ग फिट भूमि में एक मंजिला मकान खरीदा गया मेरे बैनामे से पूर्व बैनामा जो नीमा देवी पत्नी रमेश चन्द्र के नाम था जिसकी रजिस्ट्री संख्या 2401 दिनांक 23.03.2018 मेरे द्वारा कहीं गुम हो गयी, तथा काफी खोजबीन के उपरान्त भी प्राप्त नहीं हो पाया है। यह संपत्ति मेरे द्वारा दीपा भण्डारी पत्नी जगदीश भण्डारी निवासी ग्राम डंगोली कजयुली डंगोली बागेश्वर वालों को बेची जा रही ।

तथा क्रेता द्वारा यह संपत्ति उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक चांदनी चौक घुड़दौड़ा, हल्द्वानी में आवास ऋण के विरूद्ध बन्धक की जा रही है। यदि किसी का इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो 7 दिन में अपनी आपत्ति उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक हल्द्वानी में दर्ज करवा सकते हैं।

**-कमला तिवारी पत्नी रेवाधर तिवारी, मो0- 9720802541**

# दंगे के 12 दिन बाद बनभूलपुरा में काम करने गये सफाई कर्मी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद नगर निगम के कर्मचारियों ने वहां के वार्डों में सफाई कार्य ठप कर दिया था। इधर रविवार को 12 दिन बाद सफाई कर्मचारियों ने काम शुरू कर दिया है।

बनभूलपुरा में बीती आठ फरवरी को हुए दंगे में पुलिस, पत्रकारों के साथ ही सफाई कर्मचारी चोटिल हो गये थे। नगर निगम के सफाई कर्मियों ने तब से ही बनभूलपुरा के वार्डों में सफाई कार्य ठप कर दिया था। वे सफाई कार्य में सुरक्षा दिये जाने की मांग पर अड़े थे। वहीं जिलाधिकारी वंदना के सुरक्षा का आश्वासन दिये जाने के बाद सफाई कर्मियों ने आज से बनभूलपुरा के वार्डों में सफाई कार्य शुरू कर दिया है।

यह जानकारी नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि दंगे के बाद से बनभूलपुरा के वार्डों में रोजाना सफाई के लिए तैनात कर्मियों ने काम ठप कर दिया था। इसे लेकर सफाई कर्मचारी संगठन भी एकजुट हो गये थे। उन्होंने आपात स्थिति के लिए सफाई कर्मियों का बीमा कराने की भी मांग उठाई। कर्मचारियों को मनाने के लिए वार्ता की गई। इधर वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल ने बताया कि करीब 60 कर्मचारी बनभूलपुरा के तीन वार्डों में सफाई कार्य नहीं कर रहे थे, निगम प्रशासन ने बनभूलपुरा में लगातार सफाई कार्य जारी रखा।

### डीएम ने एसटीएच पहुंच हिंसा के घायलों का हाल जाना



**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बनभूलपुरा की हिंसा में गंभीर रूप से घायल लोगों का हाल-चाल जाना और डॉक्टर से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

जिलाधिकारी वंदना शनिवार को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचीं और बनभूलपुरा हिंसा के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों का हाल जाना। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि एक युवक जो कि ट्रामा आईसीयू में है जबकि दूसरा युवक आईसीयू में भर्ती है। उनका समुचित इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि उपचार को देखते हुए यदि घायलों को हायर सेंटर रेफर करना जरूरी हो तो उसे हायर सेंटर भी रेफर किया जाए। दोनों घायलों के स्वास्थ्य की फीडबैक लेते हुए जिलाधिकारी ने डॉक्टर को बेहतर उपचार देने दिए जाने के निर्देश दिए।

# फिल्मी दुनिया

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने की शानदार कमाई



*सिनेमाघरों में हर शुक्रवार को कोई न कोई फिल्म रिलीज होती है। इनमें से कई फिल्में सफलता के झंडे गाड़ देती हैं, तो कई के हाथ असफलता लगती है। इन दिनों भी सिनेमाघरों में कई फिल्में लगी हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन करा रही हैं। इनमें कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, रजनीकांत की लाल सलाम और ऋतिक रोशन-दीपिका पादुकोण की फाइटर शामिल है। इन सभी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कैसा हाल रहा, ये इनके कलेक्शन से पता चलेगा। शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की रिलीज को एक हफ्ता पूरा हो गया है। फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है। दर्शकों को शाहिद-कृति की जोड़ी खूब पसंद आ रही है। फिल्म में एक वैज्ञानिक और रोबोट की प्रेम कहानी दिखाई गई है। फिल्म में रोबोट की भूमिका कृति सेनन ने निभाई है। फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज हुई थी। फिल्म ने दूसरे हफ्ते में आते ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने रिलीज के पहले हफ्ते में कुल घरेलू कमाई की, 44.35 करोड़ रुपये कमाए।*

### कुल कमाई 51.95 करोड़

*दूसरे हफ्ते में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।, शाहिद और कृति की फिल्म ने नौवें दिन 4.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 51.95 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं,साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म लाल सलाम को भी रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है। फिल्म अपने दूसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी है। लाल सलाम शुरुआत से ही धीमी चाल चल रही है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादिकोण की फिल्म फाइटर दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे हो गए हैं। फिल्म शुरुआत से अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन बीच में फिल्म की कमाई डगमगा गई थी।*

### वनभूलपुरा में बढ़ने लगी रौनक

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील के दूसरे दिन क्षेत्र में रौनक दिखाई दी। माहौल पटरी पर आने के बाद लोग खरीददारी करते हुए देखे गए। वहीं सुरक्षा के लिहाज से पुलिस फोर्स अभी भी चप्पे-चप्पे पर तैनात है। प्रशासन ने वनभूलपुरा क्षेत्र में शनिवार से दिन का कर्फ्यू हटा दिया जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

### कर्फ्यू की वजह से कई शादियां टलीं

**हल्द्वानी।** वनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद कर्फ्यू लग जाने के बाद क्षेत्र में कई शादियां भी टल गई। जिस कारण से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी हैं। वहीं कुछ लोगों ने बाहर जाकर विवाह की रस्में निभाई जबकि कई लोग ऐसे भी हैं जिन्हें अगली तारीख नियत की है। क्षेत्र में हालात सामान्य होने के बाद ही शादी की रस्में निभाई जाएंगी।

### मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा-अनुष्ठान से पूर्व कलश यात्रा निकाली



**रुद्रपुर।** यहां श्री खाटू श्याम गल्ला मंडी में आगामी 22 फरवरी को होने वाली मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अनुष्ठान से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा श्री अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो पर से होते हुए गल्ला मंडी स्थित श्री खाटू श्याम बाबा मंदिर में संपन्न हुई। कलश यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। बता दें कि आगामी 21फरवरी की दोपहर दो बजे से श्री निशान श्याम यात्रा एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान राजेंद्र तुलसियान, विजय भूषण गर्ग,राजेंद्र गुप्ता, प्रवेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल,नवल अग्रवाल, जय भगवान जैन, राधा अग्रवाल, शशि बंसल, काजल अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, मोनिका बंसल, कुसुम जैन, उषा श्यामपुरिया सहित सैकड़ों की संख्या में बाबा भक्त मौजूद रहे।

# बीएलएम एकेडमी में आयोजित हुआ टैलेंट हंट शो, प्रतिभागियों ने दिखाए अनोखे हुनर

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी हल्द्वानी के परिसर में किड्स टैलेंट शो का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्या डा. गायत्री कंवर,मानव संसाधन प्रमुख डा. अमर सिंह कंवर,सीनियर कोर्डिनेटर संगीता माथुर एवं हेड मिस्ट्रेस पूनम क्वात्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस दौरान किंडर गार्टन सेक्शन का ग्रेजुएशन डे भी मनाया गया। विभिन्न खेलों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। जिसमें आगंतुकों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टैलेंट हंट प्रोग्राम, विभिन्न नृत्य और रैंप वाक थे । बेहतरीन पुरस्कारों से लोगों को सम्मानित




किया गया। 3 वर्ष से लेकर 8 वर्ष की उम्र के बच्चों ने सिंगिंग, डांसिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, फेन्सी ड्रेस, रैम्प वॉक, और चित्रकला के जरिए कई विधाओं में अपना हुनर दिखाया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावक मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कक्षा 1 में प्रवेश कर रहें नन्हे-मुन्ने छात्रों का ग्रेजुएशन डे भी सेलिब्रेट किया गया। जिसमें बच्चों ने जमकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर अपनी कमाल की परफॉर्मेंस से जमकर तालियाँ बटोरीं। बच्चों के इस ग्रेजुएशन डे पर अभिभावक बहुत उत्साहित नजर आए।

कार्यक्रम के समापन में कक्षा 9 की छात्राओं की दक्षिण भारतीय नृत्य शैली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रधानाचार्या डा. गायत्री कंवर ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करते रहना चाहिए ताकि बच्चों का मनोबल बढ़े। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक साकेत अग्रवाल, निदेशिका सौम्या अग्रवाल, एच. आर. हेड डॉ अमर कुंवर, हेड मिस्ट्रेस पूनम कवात्रा, वरिष्ठ संयोजिका श्रीमती संगीता माथुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### 300 कैडेटों ने सी सर्टिफिकेट की प्रयोगात्मक परीक्षा दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में शनिवार को 79 बटालियन एनसीसी व 5 नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल के लगभग 300 कैडेटों ने सी सर्टिफिकेट की प्रयोगात्मक परीक्षा दी। बता दें कि परीक्षा कैप्टन सीवी नेगी तथा कर्नल दिनेश सिंह ऐरी के निर्देशन में सम्पन्न हुई। परीक्षा सम्पादन में मेजर प्रो.हरीश चंद्र सिह बिष्ट तथा सब लेफ्टि वन्दना जोशी, सूबेदार महेश चन्द्र, सूबेदार उदय सिंह के साथ सभी एनसीओ तथा जेसीओ ने सहयोग दिया। दूसरी ओर अब इन कैडेटों की लिखित परीक्षा रविवार (आज) को प्रात: 10 बजे से प्रारम्भ होगी।

### बासंती कौतिक में बिखरे संस्कृति के रंग



**अल्मोड़ा।** क्षेत्र के टानी गांव में बासंती कौतिक धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों के साथ ही संस्कृति विभाग के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर संस्कृति के रंग बिखेरे। कलाकारों ने कुमाऊंनी गीतों की प्रस्तुति देने के साथ मनमोहक नृत्य किया। दूर-दराज से बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शक भी इन गीतों पर जमकर थिरके। कौतिक के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर प्रधान चंद्रेश रावत ने सभी का आभार जताया। वहीं विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल दिल्ली से फोन पर सभी लोगों को शुभकामना दी। इस मौके पर राजेंद्र सिंह रावत, पूरन सिंह, रमेश सिंह, दीवान भंडारी, माया रावत, नवीन, दीपक, मनोज आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय त्रिस्तरीय निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

यहां गांधी पार्क में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत कुमाऊं मंडल के त्रिस्तरीय निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का समापन हो गया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन तमाम जनप्रतिनिधि एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए संबोधित किया। पहले दिन प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने इस प्रशिक्षण का उद्घाटन किया था। यह प्रशिक्षण पंचायतीराज सचिव हरिचन्द्र सेमवाल, पंचायतीराज निदेशक निधि यादव के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया। कार्यशाला के अंतिम दिन पंचायतीराज विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डीपी देवराड़ी द्वारा मॉडल जीपीडीपी के



निर्माण विषय पर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला में अल्मोड़ा से आये ग्राम प्रधान राजेश कुमार, नैनीताल के दिनेश जोशी, जसपुर से ब्रह्मानंनद, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रवीन कुमार कोरंगा एवं जनपद बागेश्वर से पहुंची रूकमणी दानू ने प्रशिक्षण के पुनरावलोकन के उद्देश्य से विचार व्यक्त करते हुए विभिन्न समस्याओं को भी प्रतिभागियों के साथ साझा किया। जबकि स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर दिनेश गंगवार ने पंचायतों में लागू ई-ग्राम स्वराज एवं अन्य पोर्टलों के प्रबन्धन विषय पर प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। पंचायतीराज विभाग के संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन कुमाऊं मंडल से आये त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को जनपद ऊधमसिंह नगर में स्थित पंचायत लर्निंग सेंटर एवं काठगोदाम स्थित प्लास्टिक रिसाईक्लिंग प्लांट का भी अध्ययन और भ्रमण करवाया गया।

# पति समेत 7 के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ससुरालियों पर पीड़िता को 5 लाख रुपए की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक चौकी आदर्श कालोनी क्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका विवाह 28 नवंबर 22 को विन्दर सिंह पुत्र हरकेश सिंह निवासी ग्राम पैगम्बरपुर, उर्फ शाहपुर, थाना डिडौली, जिला अमरोहा यूपी के साथ हुआ। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ससुराल वाले 5 लाख रुपए की मांग करने लगे। पीड़िता के मुताबिक उस पर सास माया देवी के अलावा रणवीर सिंह,जयवीर सिंह, पुनीत पुत्र हरकेश सिंह,संजना पत्नी जयवीर सिंह और ससुर हरकेश सिंह ने मांग पूरी नहीं होने पर उससे मारपीट शुरू कर दी। मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। बताया कि वह ससुरालियों की प्रताड़ना सहन करती रही। पीड़िता के मुताबिक उसका पति यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। धमकी मिलती रही24 जुलाई 23 को पति ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट की। उसने 112 नम्बर पर फोन कर पुलिस को बुलाया और अपनी जान बचाई। पुलिस वालों के साथ में मेडिकल भी कराया है। जिसकी सूचना थाना डिडौली, में दर्ज करायी। 21 अक्टूबर 23 को ससुराल पहुंची तो धक्के देकर घर से निकाल दिया। दहेज की मांग पूरी होने पर ससुराल में आना। पीड़िता ने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई को 23 नवंबर 23 को एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा। कार्रवाई नहीं होने पर उसे कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच की जा रही है।

# ग्राफिक एरा, एनसीसी व एनएसएस के छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान




**नैनीताल/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर के ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के छात्र-छात्राओं ने सातताल क्षेत्र में स्वच्छता एवं रैली का आयोजन किया। स्वच्छता अभियान में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्रों द्वारा सातताल परिसर में सफाई अभियान चलाकर सड़क एवं गलियों से लगभग 50 कट्टा कूड़ा उठाकर उसका विधिवत निस्तारण किया गया एवं रैली के माध्यम से स्वच्छता अभियान का संदेश आम जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में पशुपति ग्रुप ऑफ रिसाईक्लिनिंग कम्पनी काशीपुर के एनवायरलमैन्टल टेक्नोलाजिस्ट आयुष जोशी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक सेग्रीगेशन एवं प्लास्टिक रिसाइक्लिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के निदेशक, एनएनएस के कोआडिनेटर डॉ. संदीप कुमार बुधानी ईकोक्लब के डॉ. फरहा खान के अलावा एनसीसी के कोआडिनेटर सूरज धोनी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान में भागीदारी कर रहे छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

# बच्चों को शिशु वाटिका के क्रियाकलाप विषयों से विषय पर जोड़ा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में विद्या भारती,जन शिक्षा समिति उत्तराखंड द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शिशु वाटिका का वर्ग का शनिवार को संपन्न हुआ। इसमें नैनीताल जिले की 28 आचार्य बहनों ने प्रतिभाग किया, जो कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छात्रों का पठन-पाठन करवाती हैं। यहां पर उनको शिशु वाटिका के 12 शैक्षिक व्यवस्थाएं एवं 14 शैक्षिक क्रियाकलापों खेल और शिशु वाटिका के नए-नए आयामों एवं विद्या भारती के पांच आधारभूत विषयों से विशेष कर जोड़ा गया। इस वर्ग में जिला प्रमुख विद्या बिष्ट एवं उधम सिंह नगर के जिला



प्रमुख कुमारी ज्योति सिंह अपनी बहनों को प्रशिक्षण देने के लिए आई। नई-नई विधाओं से इन दोनों बहनों ने नैनीताल जिले की 26 आचार्य बहनों को शिशु वाटिका की नई-नई विधाओं एवं नए-नए क्रियाकलापों से अवगत कराया। अपने कार्यक्रम में विशेष दिशा निर्देशन ईश्वरी दत्त जोशी सह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति उत्तरांचल का उद्घाटन सत्र में सानिध्य रहा। इसके अलावा इस वर्ग को संपन्न कराने में भवाली संकुल के संकुल प्रमुख मनोहर, धारी संकुल के संकुल प्रमुख देव सिह बिष्ट एवं सरस्वती शिशु मंदिर वीर भट्टी के प्रधानाचार्य दीवान सिंह व्यवस्थाओं के नाते प्रमुख रूप से रहे। कार्यक्रम के समापन में सभी बहनों ने जो तीन दिनों में आयाम सीखे, नई-नई विधाएं और छोटे-छोटे बच्चों को सीखने के लिए जो क्रियाकलाप सीखे, उनका संक्षेप में प्रदर्शन कर सभी अधिकारी बंधुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में समापन के अंत में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सूर्य प्रकाश जी (प्रधानाचार्य पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार)रहे।

डॉ. सूर्य प्रकाश ने अपने उद्बोधन बताया कि हमको यहां से जो सीखा है, इन 12 व्यवस्थाओं को और14 क्रियाकलापों को सभी बहनें अपने-अपने विद्यालयों में लागू करेगी। इसको अपने विद्यालय में भैया बहनों को नई-नई एक्टिविटी के माध्यम से अवगत कराएंगी। जितना हमने इन तीन दिनों में शैक्षिक क्रियाकलाप और खेल-खेल के माध्यम से तथा गतिविधि के माध्यम से पढ़ाना सीखा इन सबको अपने-अपने विद्यालय में लागू करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में राहुल मनीष एवं पंकज कोरंगा सहयोगी के रूप में रहे।

# अगवा की गई नाबालिग को रामपुर से किया बरामद

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

रम्पुरा क्षेत्र से बहला फुसलाकर अगवा की गयी नाबालिग को पुलिस ने रामपुर से बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस के मुताबिक रम्पुरा क्षेत्र से बीती 12 फरवरी को एक नाबालिग लड़की गायब हो गयी थी। परिजनों ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी और एक युवक पर संदेह व्यक्त




किया था। रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस टीम ने नाबालिग की बरामदगी के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले अमृत उर्फ सिद्धू निवासी मनिहारखेड़ा विलासपुर विलासपुर रामपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया।

नाबालिग को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया और मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 363/366 आईपीसी के साथ ही पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी कर उसे कोर्ट पेश किया गया। कोर्ट ने युवक को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी के अलावा महिला एसआई नेहा राणा, कांस्टेबल अमित जोशी आदि शामिल थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै0 तिलोचन धर्मानन्द नवीन मण्डी स्थल दुकान नं. A-58, हल्द्वानी, नैनीताल का पंजीकरण दिनांक 18.01.2012 को उप निबंधक कार्यालय में किया गया था। जिसका विघटन आज दिनांक 03.02.2024 को कर दिया गया है। यदि किसी भागीदार को आपत्ति हो तो उपनिबनधक, फर्म सोसायटीज एवं चिट्स, हल्द्वानी कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं।

-भागीदार